# BRICS के 9वें भागीदार देश के रूप में नाइजीरिया

[स्रोत: द हिंदू](#)

**वर्ष 2025** में **BRICS** की अध्यक्षता करने वाले **ब्राज़ील ने नाइजीरिया** को BRICS समूह के **"भागीदार देश"** के रूप में शामिल किये जाने की घोषणा की।

- **नाइजीरिया बेलारूस, बोलीविया, क्यूबा, कज़ाखस्तान, मलेशिया, थाईलैंड, युगांडा और उज़्बेकिस्तान** के साथ मिलकर **9वाँ BRICS भागीदार देश** बन गया है।
  - BRICS में, "भागीदार देश" से तात्पर्य ऐसे राष्ट्रों या संगठनों से है जिन्हें **सदस्यता के बिना** अथवा औपचारिक निर्णय लेने की शक्ति के बिना **शिखर सम्मेलनों, मंत्रिस्तरीय बैठकों** में भाग लेने अथवा अन्य **संयुक्त उपक्रमों में भाग लेने** के लिये आमंत्रित किया जाता है।
- नाइजीरिया विश्व का **छठा सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश** है और **अफ्रीका में सबसे बड़ा देश** है, इसके अतिरिक्त यह **अफ्रीका की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था** भी है।
  - **नाइजीरिया अफ्रीका के पश्चिमी तट** पर स्थित है, जिसे प्रायः **"जायंट ऑफ अफ्रीका"** कहते हैं।
- **BRICS: BRICS का गठन वर्ष 2009** में **ब्राज़ील, रूस, भारत और चीन** द्वारा किया गया था, जिसमें **वर्ष 2010** में **G7 देशों** के प्रतिसंतुलन स्थापित करने के उद्देश्य से **दक्षिण अफ्रीका** को शामिल किया गया था।
  - **वर्ष 2023** में BRICS में **ईरान, मिस्र, इथियोपिया और UAE को शामिल किया गया** , जबकि **सऊदी अरब** को भी इसमें शामिल होने के लिये **आमंत्रित** किया गया था।
  - **इंडोनेशिया** आधिकारिक तौर पर **10वें सदस्य** के रूप में **BRICS समूह में शामिल हो गया है, जो जनवरी 2025** से प्रभावी हुआ।
  - **तुर्की, अज़रबैजान और मलेशिया ने औपचारिक रूप** से BRICS सदस्य बनने के लिये **आवेदन किया** है।




**और पढ़ें:** [BRICS का विस्तार]()

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nigeria-as-9th-brics-partner-country